प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.06.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।**
2. **श्री मोदी ने हूल दिवस की चर्चा करते हुए सिदो–कान्हू और चांद–भैरव के योगदान को याद किया।**
3. **झारखंड समेत पूरे देश में कल से तीन नये आपराधिक कानून लागू होंगे।**
4. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की रांची रेल मंडल में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा, कहा–एक वर्ष के भीतर रेलवे के क्षेत्र में तस्वीर बदलेगी।**
5. **संताल हूल क्रांति दिवस पर आज राज्यभर में सिदो–कान्हू, चांद–भैरव को श्रद्धांजलि दी गयी।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने तीसरे कार्यकाल के पहले मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने विविध विषयों की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 30 जून एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज हूल दिवस मनाया जाता है।

अपने सम्बोधन में श्री मोदी ने उस समय का जिक्र करते हुए कहा कि संताल परगना में हमारे आदिवासी भाई–बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से गोड्डा के लोग भी वर्चुअल तरीके से जुड़े। यहां की महिलायें उद्यमशीलता के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। गांव में रहकर ये महिलायें कृषि उत्पादों में वैल्यू एडीशन कर उन्हें ई–कॉमर्स के जरिये ग्राहकों तक पहुंचा रही हैं। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के बाद इलाके में महिलाओं और आम लोगों के बीच नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों को आज राज्यभर में खास और आम सभी ने काफी संजीदगी से देखा और सुना। रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने चुटिया में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान पद्मश्री मुकुंद नायक भी मौजूद थे। श्री सेठ ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की बातें प्रेरणा दायक हुआ करती हैं।

****

गिरिडीह जिला प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर कई निर्णय लिया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

झारखंड समेत देशभर में कल से तीन नए आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। इस संबंध में पुलिस और जांच अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। दूरदर्शन और आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों, कार्यक्रमों, चर्चाओं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इस विषय पर गहन चर्चाएं और विश्लेषण किए गए हैं।

****

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची रेल मंडल में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान श्री सेठ ने रेल अधिकारियों से रांची, हटिया, नामकुम, टाटीसिल्वे, गंगाघाट, मुरी, सिल्ली और पिस्का स्टेशन के उन्नयन कार्य की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने रांची रेलवे स्टेशन पर चल रहे उन्नयन कार्य का अवलोकन किया और दिशा–निर्देश दिए। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री और रेल मंत्री ने जो वादे किए थे, वे अब धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के अंदर रेलवे के क्षेत्र में तकदीर और तस्वीर बदल जाएगी। समीक्षा बैठक में अन्य लोगों के अलावा मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा भी मौजूद थे।

****

संताल हूल क्रांति दिवस की 169वीं वर्षगांठ पर आज राज्यभर में सिदो–कान्हू, चांद–भैरव को विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साहिबगंज के भोगनाडीह स्थित उनकी जन्मस्थली में दिनभर लोगों का तांता लगा रहा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सिदो–कान्हू, चांद–भैरव को विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने भी साहिबगंज के पंचकठिया में संताल हूल के नायकों को क्रांति स्थल पर विनीत श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने साहेबगंज में एक अन्य कार्यक्रम में कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास, उदघाटन और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

****

इधर हूल दिवस के अवसर पर दुमका में भी कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हूल क्रांति के नायकों सिदो–कान्हू को नमन कर उनके योगदान का स्मरण किया।

इस बीच रांची के मोराबादी स्थित सिदो–कान्हू पार्क में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत कई लोगों ने उनकी आदमक़द प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

****

राज्य के पूर्वी हिस्सों और आस पास के क्षेत्रों में चक्रवाती प्रवाह शिफ्ट कर गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया है कि राज्य के उत्तरी हिस्सों में आज भारी बारिश के आसार हैं। कल और परसो राज्य के उत्तर पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। तापमान की बात करें तो अगले चौबीस घंटे के दौरान इसमें दो
से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

***********समाप्त**********